18/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम देश के नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियां याद रखें। सोशल मीडिया पर आज एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे विकास और राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ते हैं।

0000000000000000000000000

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की। दोनों ने महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा द्विपक्षीय संबंधों की बहाली, और चार वर्षों से अधिक समय से रुके पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण शामिल थे। पांच साल के अंतराल के बाद भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, श्री डोभाल विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के 23वें दौर में भाग लेने के लिए कल बीजिंग पहुंचे। कल, चीन ने वार्ता के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे आपसी समझ के आधार पर प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने निजी लाभ के लिए भ्रष्ट आचरण का सहारा लेने वालें जनता, खासकर सरकारी कर्मचारियों को आगाह किया हैं। आज पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, बांदरदेवा में अरुणाचल प्रदेश पुलिस के उनचासबेवें बैच के पासिंग-आउट परेड समारोह को संबोधित करते हुए श्री खांडू ने कहा कि, राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही राज्य भर में स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे कॉन्ट्रैक्चूअल नर्सेस की नौकरियों को नियमित करने का फैसला किया है और आश्चर्य व्यक्त किया कि यह जानने के बावजूद, कुछ लोग नियमित होने के लिए पैसों का भुगतान करने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी हैं कि ऐसे भ्रष्ट अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने बैठक में पुलिस कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल और सहायक उप-निरीक्षक (सिविल पुलिस/एपीपीबीएन/आईआरबीएन) सहित एमटी और टेलीकॉम विंग को विशेष ग्रेड देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। उन्होंने नए भर्ती हुए पुलिस से कहा कि वे आधिकारिक तौर पर विभाग में शामिल होने और राज्य भर में तैनात होने के बाद किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से खड़े हों। उनचासबेवें बैच में सात सौ अड़तीस सिविल पुलिस शामिल हुए।

0000000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्ष से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी, भर्ती परीक्षाएं नहीं। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि त्रुटिमुक्त परीक्षा संचालित करने और

जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय विचार विमर्श कर रहे हैं कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा - नीट यूजी ऑनलाइन मोड में ली जाए या ऑफ लाइन। उन्होंने कहा कि नीट यूजी की विस्तृत रूपरेखा अगले दो-तीन हफ्तों में घोषित किए जाने की आशा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीयूईटी - यूजी वर्ष में एक बार ही आयोजित होगी।

0000000000000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार मिशन लाइफ - लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के साथ इस चुनौती से निपटने में सबसे आगे है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा के 2023-25 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं के एक समूह के लिए अप्रीशीएशन कोर्स इन पार्लियमेंट्री प्रोसेस एण्ड प्रोसीजर नामक उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पाठ्यक्रम का आयोजन संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, लोकसभा सचिवालय द्वारा किया गया।

0000000000000000000000000

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सिक्युरिटीस एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सहयोग से कल ईटानगर के स्टेट

बैंक्वेट हॉल में जागरूकता के लिए रीजनल इन्वेस्टर सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए सेबी के कार्यकारी निदेशक जी. राम मोहन राव ने निवेशकों की सुरक्षा तथा सिक्युरिटीस मार्केट में विश्वास को बढ़ावा देने में सेबी की प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। इस पहल का उद्देश्य सिक्युरिटीस मार्केट, वित्तीय नियोजन तथा निवेशक शिकायत निवारण तंत्र के बारे में राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

0000000000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने गत मंगलवार आनिनी में चिंतन शिविर पर एक बैठक की। इस बैठक में डीडीएसई अनिनी, तेनजिन वांगडा ने जिले के वर्तमान शिक्षा परिदृश्य पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। छात्रों के अधिकतम लाभ और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान, प्रतिभागियों द्‍वारा उठाए गए मुद्दों और चिंताओं तथा प्रभावी समाधानों पर आगे चर्चा करने के लिए शिक्षा मंत्री ने आश्वासन भी दिया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सर्विस पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई, ईस्ट सियांग ने गत मंगलवार को मेबो में ‘Pensioners Day of India-2024’ का आयोजन किया। इस अवसर पर, एसोसिएशन ने अपनी वार्षिक बैठक आयोजित की और प्राथमिक शिक्षा के विकास और वृद्ध नागरिकों के लिए सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं से

संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की। इस बीच, एसोसिएशन ने अगले साल तक सभी गोद लिए गए एलपी स्कूलों के परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन करने के लिए दो सूत्री संकल्प अपनाया है।

0000000000000000000000000